IV. उदिदष्ट एवं अक्षय निधि से प्राप्तियाँ	19,69,519.00	11,13,700.00	III. प्रायाजित परियोजनाओं /योजनाओं के लिए भुगतान		
V. प्रायोजित परियोजनायें एवं योजनाओं के लिए प्राप्तियाँ	2,99,000.00	2,44,000.00	IV. प्रायोजित छात्रवृत्ति एवं फेलोशिक के लिए भुगतान	3,83,100.00	4,29,105.00
VI. निवेश से आय	-		V.निवेश एवं किया गया जमाएँ		
क) उदिदष्ट / अक्षय निधि से	1,88,630.00	-	क) उदिदष्ट/अक्षय निधि में से	-	-
ख) अन्य निवेशों से	-	-	ख) निधियों से (निवेश तथा दूसरों से)	-	-
VIII. प्राप्त ब्याज			VI. अनुसूचित बैंकों में सावधि जमा से	1,00,00,00,000.00	-
क) बैंक जमाओं से	-	-	VII. स्थिर अस्तियों तथा पूंजीगत कार्य प्रगति पर व्यय		
ख) टीडीआर लेखा से	16,95,535.00	7,54,141.00	क) स्थिर अस्तियों की खरीद	3,90,39,154.00	89,64,120.00
ग) एफएफडी लेखा से	3,59,87,146.00	7,60,91,171.00	ख) पंजूीगत कार्य जारी है	-	6,99,82,311.00
VIII. निवेश नकदकीकरण किया गया	-	-	VIII. अन्य भुमतान (बतायें)		
IX. एसबीआई, मुख्य शाखा, भुवनेश्वर में आवधिक जमा से	-	-	i. व्यय के लिए कर्मचारियों की गयी अग्रिम	23,01,455.00	17,74,675.00
X. .इंडियन बैंक, भुवनश्वेर में मियादी जमा	-	-	ii. व्यय के लिए अग्रिम (अन्य)	6,39,74,198.00	9,26,472.00
XI. झमा तथा अग्रिम (वसूली)	5,15,060.00	-	iii. फुटकर उधारकर्ता	2,57,65,812.00	-
XII.छात्रों से जमा 7,83,697.00	5,80,670.00	-	iv.विविध उधारकर्ता (अधिक भुगतान तथा टीडीएस)		10,199.00
XIII. झमा तथा अन्य	34,21,470.00	-	IX. अनुदान की वापसी	-	-
XIV. वैधानिक प्राप्तियां सपि विविध प्राप्तियां	2,71,488.00	12,80,618.00	X. जमा तथा अग्रिम	2,42,958.00	-
XV. श्क्राप की बिक्री -	-	15,304.00	XI. वैधानिक देय को भुगतान (टीडीएस, एनपीएस तथा अन्य)		95,30,916.00

प्राप्तियाँ	चालू वर्ष 2016-17	पूर्व वर्ष 2015- 16	भुगतान	चालू वर्ष 2016-17	पूर्व वर्ष 2015- 16
XVI. शैक्षणिक प्राप्तियां	-		XII. अन्य भुगतान (जमा तथा अन्य की वापसी)	40,41,399.00	68,44,267.00
क) प्रवेश शुल्क (छात्र)	5,15,265.00	1,69,205.00	XII. अंत शेष		
ख) आवेदन शुल्क (भर्त्ती)	-	1,10,550.00	क) हाथ में रोकड़	-	-
ग) वार्षिक परीक्षा शुल्क	60,20,160.00	34,99,910.00	ख) बैंक में शेष		
घ) हॉस्टेल शुल्क	13,82,200.00	9,61,430.00	i. बचत खाता संख्या .33106758052	2,99,61,779.00	1,77,46,944.00
ङ) दीक्षांत समारोह शुल्क	87,900.00	-	ii. बचत खाता संख्या.33156750382	17,96,651.00	6,98,136.00
ङ) पंजीकरण शुल्क	70,700.00	87,000.00	iii.बचत खाता संख्या.30877205145	12,21,60,580.87	25,25,07,512.87
च) परिवहन शुल्क	2,51,600.00	3,07,600.00	iv.बचत खाता संख्या 450502050000228	3,87,14,792.45	3,63,85,843.45
छ) खेलकूद शुल्क	31,700.00	40,200.00	v.बचत खाता संख्या 31694717652	12,12,01,493.00	76,59,89,563.00
ज) निविदा प्रपत्र की बिक्री	60,000.00	20,000.00	vi. चालू खाता संख्या 33105489656	-	732.00
झ) आवेदन पत्र शुल्क (भर्त्ती)	14,55,750.00	-	vii. बचत खाता संख्या.36342031829	10,89,117.50	-
ट) माइग्रेशन शुल्क तथा प्रमाणपत्र शुल्कों	1,63,080.00	-			
ठ) आरटीआई आवेदन पत्र	204.00	950.00			
ड) अन्य प्राप्तियाँ (बतायें)	-	7,10,142.00			
i) चिकित्सा शुल्क	67,600.00	59,600.00			
ii) परिचस पत्र शुल्क	15,850.00	20,100.00			
iii) विलंब तथा दंड शुल्क	23,483.00	-			
iv) टियूशन शुल्क	5,40,800.00	4,76,800.00			
v) समय से पहले आय	43,451.00	-			
vi) प्रयोगशाला शुल्क	3,67,010.00	-			
	2,40,100.00	-			
कुल	**1,54,32,88,102.32**	**1,25,09,74,119.32**	**कुल**	**1,54,32,88,102.32**	**1,25,09,74,119.32**

३१ मार्च २०१७ तक की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र के अंग के रूप में अनुसूचियाँ

अनुसूची- ३ (क)- प्रायोजित परियोजनायें

राशि रु.में

क्र.	परियोजना का नाम	आदिशेष		वर्ष के दौरान प्राप्त/वसूली	कुल	वर्ष के दौरान व्यय	अंत शेष	
		क्रेडिट	डेबिट				क्रेडिट	डेबिट
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	एतुराटेस परियोजना	82,931.00	-	-	82,931.00	77,969.00	4,962.00	-
2	ओड़िशा जैव विविधता	138,458.00	-	-	138,458.00	118,000.00	20,458.00	-
3	नाल्को फाउंडेशन	15,000.00	-	-	15,000.00	-	15,000.00	-
4	नेशनॉल कार्बन परियोजना अनुसंधान सहायता (बीडाघाटी संरक्षण)	439,210.00 -	- -	279,169.00 40,000.00	718,379.00 40,000.00	234,973.00 -	483,406.00 40,000.00	- -
5	पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार	-	-	1,308,600.00	1,308,600.00	-	1,308,600.00	
	कुल	675,599.00	-	1,627,769.00	2,303,368.00	430,942.00	1,872,426.00	-

कंप्यूटर केंद्र

आईटी सेवा प्रबंधन : कंप्यूटर केंद्र एक महत्वपूर्ण अनुभाग है जो सूचना प्रौद्योगिकी और इंटरनेट सेवा विश्वविद्यालय को प्रदान करता है । वर्तमान उपयोगकर्ता को इंटरनेट कनेक्टीविटी प्रदान करने के लिए दो प्रॉक्सी सर्वर का उपयोग किया जा रहा है। इंटरनेट उपयोग के लिए लॉग इन /पास वर्ड तैयारी करने के लिए तथा अप्राधिकृत पहुंच तथा वायरससे नेटवर्क को सुरक्षित रखने के लिए एक फायरवाल का प्रस्ताव रखा गया है। प्रत्येक उपयोगकर्ता को लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्रदान करने के लिए एक विंडाज सर्वर का प्रस्ताव रखा गया है और प्रयोगशालाओं का कंप्यूटर सिस्टम को चलाने और सर्वर में उनकी आंकडों को सर्वर सुरक्षित रखने के लिए इस सर्वर काम में आएगा।

एमएचआरडी ने परिसर को वाई-फाई परियोजना का काम एनआईसीएस तथा रेलटेल के माध्यम से पूरा किया है । इकतालीस आसेस पएंट स्थापित किया गया है जिससे परिसर वाई-फाई समर्थ हो सके । बहुत जल्दी उपयोगकर्ताओं को यूजर्स आईडी तथा पासवार्ड आपूर्ति कर दी जाएगी जिससे वे इंटरनेट जोडे जायेंगे ।

सूचना सुरक्षा : दो फायरवाल खरीदने की प्रक्रिया में है । इसके बाद कंप्यूटर सिस्टम वायरस और अप्राधिकृत पहुंच से सुरक्षित रहेगा और इस के साथ साथ अधिक सुरक्षित एवं रोबस्ट रहेगा ।

सॉफटवेयार वस्तु प्रबंधन : वर्तमान संपत्ति का प्रबंधन हाथ से किया जाता है। हम वर्तमान आईआईटी, कानपुर द्वारा विकसित वृहस्पति ३ सॉफटवेयार खरीदने जा रहे हैं जिसमें लेखा प्रबंधन, हास्टेल प्रबंधन और सामान प्रबंधन के लिए अलग अलग मॉडूलस रहे हैं ।

ओपन सोर्स संसाधन : ओपन ऑफिस, उबूंटू, ऑपरिटिंग सिस्टम, फेडोरा ऑपरिटिंग सिस्टम, जावा, सी आदि जैसे कंप्यूटर प्रयोगशाला में विभिन्न ओपन संसाधन सॉफ्टवेयारों का उपयोग किया जाता है ।

ग्रीन कंप्यूटिंग : अधिकांश कंप्यूटर सिस्टम और प्रिंटर एनर्जी स्टार के हैं। एक शैक्षणिक संस्थान होने के नाते पेपरहीन कंप्यूटिंग में शामिल होना और वातावरण के महत्व के बारे में सब को सचेतन होना चाहिए। एक नया विश्वविद्यालय होने के नाते, हमारे पास इलेक्ट्रोनिक कचरे को विनाश करने के लिए कोई सामान नहीं है.

मालिकाना सॉफटवेयार

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा में इस्तेमाल किये जा रहे प्रोपाइटरी सॉफ्अवेयार की सूची इस प्रकार हैं :

क्रमांक	साफटवेयार का नाम	विभाग
१.	टॉली साफटवेयार	वित्त विभाग
२.	आर्कजीआईएस	जैव विविधता विभाग
३.	इराडस एएमजीएस	जैव विविधता विभाग
४.	आईबीएम एसपीएसस	जैव विविधता विभाग
५.	विडो ऑपरटिंग सिस्टम्स	सभी विभाग
६.	वेरिफिकर ओएमआर सॉफवेयार	परीक्षा अनुभाग

इंटरनेट सेवा सहित नोड और कंप्यूटरों की संख्या : इंटरनेट सेवा से २६५ (दो सौ पेंसठ) कंप्यूटर जुडे हैं । सभी कंप्यूटरों को इंटरनेट सेवा से जोड़ने के लिए काम चल रहा है ।

आईटी संरचना के तैनाती और उन्नयन के लिए संस्थागत योजनायें और रणनीतियाँ : वर्तमान पॉचं कंप्यूटर प्रयोगशाला कार्यरत हैं। बेहतर नेटवर्क प्रबंधन और सूचना सुरक्षा के लिए, हम फायरवाल खरीदने की योजना बना रहे हैं। पूरे परिसर को वाईफाई सेवा से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय सूचना केंद्र सेवा इंक (NICSI) काम कर रहा है ।

- माइक्रो एक्सेल जैसे मौलिक सॉफटवेयार का उपयोग करते हुए कंप्यूटरों और सहायक उपकरणों को काम चलाया जा रहा है। आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित बृहस्पति ३ सॉफटवेयार खरीदने की प्रक्रिया में हम चला रहे हैं। जो मालसूची बनाये रखने के लिए कई माडूल रखा है ।
- दो कंप्यूटर प्रयोगशालाओं को एनकेएन से जोड़ा गया है। परिसर को वाईफाई से जोड़ने के लिए एनआईसीएसआई के माध्यम से प्रक्रिया जारी है और इस संबंध में एनआईसीएसआई और कुलपति, सीयूओ के बीच एक समझौता हस्ताक्षरित हो चुका है ।

मुख्य परिसर का संरचनात्मक और विकास

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा की स्थापना संसद् की अधिनियम , २००९ के तहत स्थापना हुई है। परिसर को संचालित करने के लिए परिसर में कई संरचनात्मक विकास किये गये हैं जिसका सारांश इस प्रकार हैं ;

भवन :

- राज्य सरकार द्वारा आबंटित ४३०.३७ एकड जमीन की चारों ओर ९.३ की.मी. लंबाई की दीवार बनाई गई ।
- २,९५७ वर्ग मीटर पर तीन मंजिल वाला एक अतिथि भवन का निर्माण हुआ है जिसमें ३२ कमरे हैं और ८ सूट है जिसमें लिफ्ट का प्रावधान है ।
- ७,७३५ वर्ग मीटर पर छात्रों के लिए तीन मंजिल वाला छात्रावास का निर्माण हुआ है जिसमें २३६ कमरें हैं प्रत्येक का आकार १०५ वर्गफुट है।
- १,७०० वर्ग मीटर पर शैक्षणिक ब्लॉक का निर्माण हुआ है जिसमें १६ कमरें हैं ।
- मौजूदा शैक्षणिक ब्लॉक के समान एक अतिरिक्त शैक्षणिक ब्लॉक का निर्माण हुआ है ।
- पुस्तकालय ब्लॉक ७७५ वर्ग मीटर (प्लींथ एरिया) पर निर्माण हुआ है ।
- परिसर में एक कैंटीन का निर्माण हुआ है । एक विस्तारित छत बड़ा स्थान के लिए प्रदान किया गया है ।
- सडकों और इमारतों के लिए वास्तुशिल्प डिजाइन के साथ परिसर का मास्टर प्लान प्रगति पर है ।
- कुछ जल निकासी पूरे परिसर में निर्माण किया गया है ।

जल आपूर्ति :

- स्रोत से परिसर तक जल आपूर्ति सुनाबेढा जलाशय तक सभी दृष्टि से पूरा हो चुका है यह कार्य ओडिशा सरकार के (पीएचडी विभाग) के माध्यम से हुआ है ।

- हिलटॉप जलाशय से सम्प तक जल पंपिंग के लिए आंतरिक जल आपूर्ति का काम प्रत्येक भवन में पूरा हो चुका है । छात्रों के लिए छात्रावास और छात्राओं के लिए छात्रावास में एक एक संप का निर्माण हो चुका है जिसमें एक लाख लीटर तक जल रहता है । २ एचपी का सेंट्रीफूगॉल पंप के अलावा सबमेर्सिबल पंप दिया गया है । उपर्युक्त कार्य पी एच के माध्यम से अथवा विश्वविद्यालय की निधियों से लिया गया है ।
- भवनों में निर्मित टेपों तक जल आपूर्ति स्रोत आपूर्ति से जल आपूर्ति परियोजना का ऑपरेशन तथा अनुरक्षण का काम केवल छ: महीने के लिए राज्य पी एच. डिविजन को सौंपा गया है ।
- जल आपूर्ति चौबिस घंटे निश्चित किया जाता है और परिसर में वाटर कुलर सहित तीस जलविशोधक स्थापित किया गया है ।

बिजली

- राज्य सरकार द्वारा सब-स्टेशन से परिसर तक बाह्य ११ केवी बिजली की आपूर्ति का काम पूरा हो चुका है । विश्वविद्यालय साउथको से ७५० केवीए बिजली प्राप्त करता है।
- विश्वविद्यालय का आंतरिक बिजली आपूर्ति के लिए, विश्वविद्यालय ने फीडर लाइन, सप्लाई लाइन, फोर पोल्स पैनल, ट्रासफरमर, इंटरनॉल विंग और फिटिंग्स आदि का निर्माण किया है ।
- विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में २५० केवीए उच्च क्षमता वाला चार ट्रांसफरमर प्रदान किया गया है और पीएच डिविजन द्वारा प्रदत्त जल को ऊपर उठाने के लिए १०० केवीए का एक ट्रांसफरमर लगाया गया है ।
- परिसर में स्ट्रिट लाइट की उचित व्यवस्था के लिए प्रवेश द्वारा से अंतिम प्रवेश द्वारा और सभी सडकों के साथ हिल टॉप जलाशय तक प्रावधान रखा गया है ।
- पाँच हाई मास्ट लाइट दी गयी हैं ।
- केलोनिवि के माध्यम से अतिथि भवन में लिफ्ट प्रावधान रखा गया है ।
- हॉस्टेल की चारो तरफ हाई मॉस लाइट,लॉन लाइट का प्रावधान बनाया गया है और इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है ।
- वैद्युतिकी अनुरक्षण के लिए केंलोनिवि ने जिम्मेदारी ली है ।

पहुंच मार्ग

- एन. एच. से मुख्य परिसर को एक पहुंच मार्ग राज्य सरकार (निर्माण विभाग) द्वारा बनाया गया है । रोड निर्माण कार्य में २.२ की.मी. एक पैच पर निर्माण किया गया है ।
- सडक पार्श्व की लाइट परिसर तक एप्रोच सडक तक भी स्ट्रीट लाइट स्थानीय नगरपालिका परिषद द्वारा प्रदान किया गया है ।
- आंतरिक सडकें विश्वविद्यालय द्वारा बनायी जा रही हैं। प्रवेश द्वारा से छात्रावास के बाद गांव के पास प्रवेश द्वारा तक सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है ।
- सड़क पार्श्व का ड्रेन का काम के साथ सड़का आर आर काम का प्रस्ताव रखा गया है।
- छात्रों के लिए छात्रावास की दीवारों की ऊंचाई तीन मीटर तक बढ़ाई गयी है और ग्रिल गेट और सुरक्षा कर्मियों का कमरा प्रगति पर है।
- छात्रों के लिए छात्रावास की दीवार का काम हो चुका है जिसके साथ सीमा की दीवारों पर चेन लिंकेज विनिर्दिष्ट के अनुसार बनाया गया है।
- अलग अलग जगहों पर रोड साइड लाइटिंग, हाई मास्ट लाइटिंग की सुविधा, का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- परिसर की चारो ओर मृत्तिका संरक्षण,झाडी सफाई का काम स्थानीय मजदूरों और मशीनॉरी की सहायता से पूरा हो चुका है ।
- वार्डनों के लिए आवासीय क्वार्टरों का प्रावधन किया गया है । आवासों का निर्माण हॉस्टेलों के पास होगा ।

वृक्षरोपण

- वन विभाग, ओडिशा सरकार द्वारा बारह हेक्टर जमीन पर लगभग १२००० पौधें लगाये गये हैं । ०
- वन विभाग ने परिसर के सौंदर्यकरण के लिए जिम्मेदारी ली है परिसर में औषधीय वृक्ष और फूलों की खेती कर रहा है ।

बागबानी

- विश्वविद्यालय ने केलोनिवि के माध्यम से हॉस्टेल , शैक्षणिक ब्लॉक और अतिथि भवन के परिसर के अंदर बागबानी का काम हाथ को लिया है ।

इंटरनेट सुविधा

- इंटरनेट सुविधा प्रदान के लिए विश्वविद्यालय ने १जीबी का कनेक्सन बीएसएनएल लिया है। एक रूटर की खरीद एनआईसी के जरिये किया गया है और एक सर्वर कमरा काम करने लगा है । पुस्तकालय भवन में अवस्थित दो कंप्यूटर प्रयोगशाला को इंटरनेट सुविधा पहुँचाया गया है ।
- पूरे परिसर को इंटरनेट सल्युशन और वाई-फाई प्रदान के लिए सर्वेक्षण का काम प्रगति पर है।

जमीन

- ओडिशा सरकार ने विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए मुफ्त में ४३०.३७ एकड़ जमीन विश्वविद्यालय के नाम में आंबटित किया है।
- लीज डीड जिलापाल, कोरापुट और कुलपति, सीयूओ के बीच में हुआ है। जमीन की मालाकाना का बदलाव का काम प्रगति पर है ।

परियोजनाओं की समीक्षा

- लडके और लडकियों के हॉस्टेल को कार्यात्मक बनाया गया है ।
- उसी तरह, शैक्षणिक ब्लॉक के संशोधित अनुमान अनुमोदन भेजा गया है । शैक्षणिक ब्लॉक, प्रशासनिक भवन, मार्केट कंपलेक्स, स्टाफ क्वार्टर के निर्माण के लिए आधारीय संरचना कार्यक्रम बनाया गया है । यूजीसी अनुमोदन के माध्यम से सरकार को भेज दिया गया है । लगभग ५८५ करोड रूपये का काम चरणबद्ध ढंग से निष्पादित किया जाएगा
- सीयूओ परिसर के पास पाँच गांवों ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपनाया है गांव के विकासत्मक कार्य जल्दी पूरा किया जाएगा ।
- परिसर में विशेष रूप से अतिथि भवन, और हॉस्टेल में परिसर की सफाई, मिट्टी संरक्षण गतिविधियों, बागबानी गतिविधियाँ शुरु की गई है ।

अस्थायी परिसर

- लांडिगुडा में विश्वविद्यालय का प्रशासनिक ब्लॉक और तीन विभाग काम कर रहे हैं । परिसर का विकास आगे और किया जाएगा। वस्त्र मंत्रालय ने सरकार के माध्यम से दीर्घावधि लीज के आधार या भवन के स्थानांतरण के लिए सरकार से अनुरोध किया है।

मुख्य परिसर

अधिकांश विभाग मुख्य परिसर में काम कर रहे हैं। दोनों प्रशासनिक ब्लॉकों में विभिन्न विभागों के लिए एलुमिनियम चैनल पार्टिशंन किया गया है ।

THE PRESIDENT OF INDIA Shri Pranab Mukherjee

महामहिम भारत के राष्ट्रपति कि संबोधन

भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों, भाप्रौसं, एनआईटी, और अन्य उच्चतर शिक्षण संस्थानों के साथ ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय को दिनांक १०.०८.२०१६ को " नवाचार : जीवन का एक मार्ग " और दिनांक १०.०१.२०१७ को " स्वस्थ मानव और स्वस्थ समाज गठनह्न शीर्षक पर विडियो कांनफरेंसिंग के माध्यम से संबोधन किया है । दोनों कार्यक्रमों का आयोजन विश्वविद्यालय ने किया है ।

.इस अवसर पर प्रो. सचिदानंद मोहांति ने विश्वविद्यालय के सुनाबेढा स्थित परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रगण, संकाय सदस्यगण और कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

दोनों संबोधन नेशनॉल नलेज नेटवर्क (एनकेएन), भारत सरकार द्वारा आयोजित विडियो कनफरेसिंग के माध्यम से आयोजित हुआ था ।

विश्वविद्यालय में घटनाक्रम

'भागीदारी गर्वनेंस – मुद्दे तथा चुनौतियों पर विशेष व्याख्यान'

विश्वविद्यालय ने अपने सुनाबेढा स्थित स्थायी परिसर में दिनांक २७.०४.२०१६ को भागीदारी गर्वनेंस-मुद्दे तथा चुनौतियों पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया । प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति इन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगदान देकर उद्घाटन किया और स्वर्गीय इतिश्री प्रधान की मौजूदा सामाजिक नीति के खिलाफ उनकी लड़ाई की स्मृति में अपना व्याख्यान को समर्पित किया । सेंटर फॉर यूथ एंड सोशल डेवलपमेंट (सीवाईएसडी) के संरक्षक और सह-संस्थापक डॉ. जगदानंद ने विशेष व्याख्यान प्रदान किया।

विज्ञान पर सर्वश्रेष्ठ व्याख्यान'आंखों की बीमारी : यात्रा के बदल बिस्तर'

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा,कोरापुट ने दिनांक २५.०४.२०१६ को अपने सुनाबेढा परिसर में विज्ञान पर विशिष्ट व्याख्यान आंखों की बीमारी तथा यात्रा के अलावा बिस्तर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया । प्रो.गीता के वेमुगंती, मिडिया विद्यापीठ के अधिष्ठाता, हैदराबाद विश्वविद्यालय, ने प्रतिष्ठित व्याख्यान प्रदान किया । प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की थी और उद्घाटनीय व्याख्यान प्रस्तुत किया था। इस समारोह में काफी संख्या में विश्वविद्यालय के कर्मचारीगण, संकायसदस्यगण और छात्रगण उपस्थित थे।

योग उत्सव-२०१७

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट ने दिनांक २५ मई २०१६ को अपने लांडिगुडा, कोरापुट परिसर में योग उत्सव आयोजित किया । इसका लक्ष्य था विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों में योग की जागरुकता को पैदा करना । प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और डॉ. अमूल्य रत्न महापात्र, रामकृष्ण आश्रम, कोरापुट के प्रतिष्ठाता ने एक विशेषज्ञ के रूप में योगा पर एक व्याख्यान प्रदान किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-२०१६

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा ने अपने लांडिगुडा परिसर में दिनांक २१.०६.२०१६ को दूसरे बार बड़ी धूमधाम से दूसरे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया । प्रो. सचिदनानंद मोहांति, कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवार पर अपना संदेश प्रदान किया और कहा मैं बहुत खुश हूं कि केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा एमएचआरडी तथा यूजीसी के तत्वावधान में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय आज अर्थात् २१ जून २०१६ को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय की गतिविधियों में योग बहुत महत्वपूर्ण है । यह भारत की प्राचीन परम्परा और ज्ञान प्रणाली का सबसे अच्छा गठन करता है श्री गाकुली चंद्रा प्रधान, योग विशेषज्ञ ने इस क्षेत्र के योग विशेषज्ञ ने विभिन्न प्रकार योग आसन को दिखाया जैसे कपालभारती, अनुलोम तथा ब्राह्मील जैसे पवन मुक्ताकाश, सबासान,जष्ठासन, मकलासन, भक्तिआसन औ कमंचलासन आदि प्राणायाम प्रदर्शित किया गया ।

'बदलती दुनिया में सांस्कृतिक कूटीनीत पर सीयूओ-एचएएल प्रतिष्ठित व्याख्यान पर तीसरें सीयूओ-एचएएल पर प्रतिष्ठित व्याख्यान

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा ने हिंदुस्तान एरोनेटिक्स लिमिटेड, सुनाबेढा के सहयोग से दिनांक २९.०७.२०१६ को सुनाबेढा स्थित भंज मंडप में बदलती दुनिया में सांस्कृतिक कूटनीति पर सीयूओ-एचएएल प्रतिष्ठित व्याख्यान का आयोजन किया गया । केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा में भूतपूर्व भारत के अंबासडर हंगेरी के राजदूत मलय मिश्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित व्याख्यान प्रदान किया । उन्होंने भारत की ओर से अनेक देशों में प्रतिनिधित्व किया है जैसे कि फ्रांस, यूएसए, जर्मनी, इरान और हंगेरी में विभिन्न पदों पर रहा है । उन्होंने अपने भाषण के दौरान सांस्कृतिक कूटनीति के क्षेत्र में अपना विशाल अनुभव को साझा किया। प्रो. सचिदानंद मोहांति , कुलपति ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटनीय व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री जे.के. मोहांति, महाप्रबंधक, इंजन प्रभाग, एचएएल, सुनाबेढा ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की । एचएएल सीयूओ समुदाय के साथ साथ स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिष्ठित श्रोतागण इस अवसर पर उपस्थित थे ।

'स्वराज और विभाजिज गणतंत्र : नये भारत के लिए श्री अरबिंद के सपने" पर चौथें सीयूओ-एचएएल प्रतिष्ठित व्याख्यान

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट ने दिनांक ११.०८.२०१६ को भंजमंडप, एचएएल टाउनशिप, सुनाबेढा में हिंदुस्तान एरोनेटिक्स लिमिटेड, सुनाबेढा के सहयोग से स्वराज और विभाजित गणतंत्र : नये भारत के लिए श्री अरबिंद के सपने पर एक प्रतिष्ठित व्याख्यान का आयोजन किया। प्रसिद्ध शिक्षाविद् मकरंद आर. पारंजपे, अंग्रेजी भाषा के प्रोफेसर, अंग्रेजी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा विद्यापीठ, साहित्य तथा संस्कृति अध्ययन, जवाहार लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान प्रदान किया । प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने उद्घाटनीय उद्बोधन प्रदान किया जबकि इं. देवाशिष देव, कार्यकारी निदेशक, एचएएल, सुनाबेढा ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की । इस अवसर पर एचएएल-सीयूओ के साथ साथ स्थानीय इलाके से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।

७० वें स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट ने बड़े धूमधाम से अपने सुनाबेढा परिसर में ७०वें स्वतंत्रता दिवस मनाया । प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति ने त्रिरंगा फहराया और कर्मचारियों, छात्रों तथा आसपास के गांवों के बच्चों को संबोधित किया । अपने संबोधन में केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा के महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख किया जिसमें शामिल हैं आधारीय संरचना विकास, गुणवत्ता उच्च शिक्षा, छात्रों के कल्याण और शैक्षणिक प्रशासन आदि । उन्होंने विश्वविद्यालय समुदाय से राष्ट्र के सामने रही चुनौतियों का समाधान करने और राष्ट्रीय एकता की खातिर खुद को समर्पित करने का आग्रह किया।

'विश्वास सहित जीवन की चुनौतियों का सामना करना" पर संगोष्ठी

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा ने दिनांक २७.०८.२०१६ को अपने स्थायी सुनाबेढा परिसर में विस्वास सहित जीवन की चुनौतियों का सामना करना विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया है । डॉ. श्रुति महापात्र, प्रसिद्ध समाज सेवक, भुवनेश्वर तथा स्वाभिमान, एक गैर सरकारी संगठन के प्रतिष्ठाता ने संगोष्ठी व्याख्यान प्रस्तुत किया । डॉ. शरत कुमार पालित, अधिष्ठाता, जैव विविधता तथा प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विद्यापीठ ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की थी । डॉ. महापात्र ने प्रेरणादायक संगोष्ठी व्याख्यान प्रदान किया और अपने चमत्कारी जीवन यात्रा का साझा अनुभव प्रदान किया। उसने कहा कि जीवन किसी भी समय आश्चर्यों से आपको ले सकता है इसे बहादुरी से मुकाबला करें, धैर्यपूर्वक इसका सामना करें और मुस्कराहट से इसका सामना करें । यदि आप अपनी समस्या से बाहर आने के लिए एक कदम उठाते हैं तो दुनिया आपके लिए बाहर आ जाएगी। प्रोफेसर सचिदानंद मोहांति, कुलपति ने अपने संदेश में में इस तरह की संगोष्ठी का आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के समान अवसर प्रकाष्ठ को बधाई दी ।

लडके और लडकियों का छात्रावास स्थानांतरति

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा का लडके और लडकियों का छात्रावास अपने स्थायी परिसर सुनाबेढा को स्थानांतरित हो चुका है। प्रो. सच्चिदानंद मोहांति के अथक प्रयास के कारण यह स्थानांतरण संभव हुआ है। इस स्थानांतरण के साथ सीयूओ के छात्रों की लंबी आवश्यकताओं को पूरा किया गया है । छात्रों को बिस्तर, कोट, गद्दे, टेबल और कुर्सियां सहित फर्नीचर उपलब्ध कराए गए हैं और हॉस्टल पर सभी सुविधायें उपलब्ध कराई गई हैं । प्रत्येक छात्रावास में कुल २३६ कमरे हैं , एक भोजन कख एक ड्राइंग रूम और छात्रावास में फैले हुए सुंदर लॉन भी हैं जिसका आकार ७७३५ वर्गमीटर है । १६२ छात्राओं और २२७ छात्रों को विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर में नवनिर्मित गर्ल्स हॉस्टैल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा का आठवां स्थापना दिवस

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट ने दिनांक २९.०८.२०१६ को अपने स्थायी परिसर सुनाबेढा में आठवां स्थापना दिवस मनाया । प्रोफेसर सचिदानंद मोहांति, कुलपति ने विश्वविद्यालय का ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थापना दिवस व्याख्यान रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन की खोज का आयोजन किया गया था। प्रोफेसर उदय नारायण सिंह, भूतपूर्व कुलपति, विश्वभारती तथा वर्तमान रवीन्द्र भवन के प्रोफेसर, ने स्थापना दिवस व्याख्यान दिया । प्रोफेसर मोहांति ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की । इंजीनियर देवाशिष देव, कार्यकारी निदेशक, एचएएल, सुनाबेढा तथा इंजीनियर राज किशोर मिश्रा, कार्यकारी निदेशक, नाल्को, दामनजोडी ने कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि के रूप में भाग लिया था।

प्रोफेसर मोहांति ने अपने भाषा में अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों के बीच एकता की मांग की, उन्होंने कहा कि टैगोर बहुमुखी व्यक्तित्व था बहुत प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में यह भी कहा कि संवाद की कमी गलतफहमी को बढ़ावा देती है और गलतफहमी संघर्ष की ओर ले जाता है। हमें भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करनी होगी अगर भारत का विनाश होगा तो हम सबका विनाश होगा।

प्रो. उदय नारायण सिंह ने छात्रों के राष्ट्रनिर्माण में प्रमुख अंग और शिक्षक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक होने पर बल दिया । उन्होंने कहा कि मानव संस्कृति का सृजन करता है। मानव को प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व में होना चाहिए। टैगोर मुक्त शिक्षा में विश्वास रखते थे। जहां बंधनों या सीमाएँ होती हैं उसे टूट देना चाहिए। शिक्षा उदारवाद और स्वतंत्रता होनी चाहिए। टैगोर का जीवन तथा कार्य आज भी अनुप्रेरित करता है।

इंजीनियर देवाशिष देव ने स्वल्प अवधि में विश्वविद्यालय की प्रगति को स्वीकार किया है। सीयूओ तथा एचएएल को पारस्परिक लाभ के लिए काम करना चाहिए इस पर उन्होंने जोर दिया ।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्य में भागीदारी के लिए विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र तथा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और मिडिया के प्रतिनिधि भारी संख्या में उपस्थित थे।

स्वच्छता पखवाडा सप्ताह

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा ने १ सितम्बर से १५ सितम्बर तक अपने परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन किया गया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय पिरसर में स्वच्छता के लिए जागरुकता बैनर तैयार किया और इसे विश्वविद्यालय परिसर में रखा गया । इस अवसर पर अंग्रेजी, हिंदी और ओड़िआ भाषाओं पर निबंध प्रतियोगितायें भी आयोजित की गयीं । विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के बारे में निकटस्थ गांवों में जागरुकता पैदा की थी ।

सीयूओ हॉस्टेल में स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत अभियान के एक अंश के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा के छात्रवास में रह रहे छात्राओं ने स्वच्छता तथा पर दिनांक १७.०९.२०१६ को यहां एक कदम उठाया। प्रो. सचिदानंद मोहांति ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उन्होंने सभी बोर्डर्स और साथ ही छात्रावास के कर्मचारियों को दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व को प्रेरित किया । छात्रों ने एक स्वच्छता अभियान चलाया और पूरे छात्रावास के परिसर को साफ कर दिया लगभग दो सौ छात्रों ने इस अभियान में शामिल हुए थे ।

हिंदी दिवस समारोह -२०१६

हिंदी दिवस समारोह २०१६, के अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा ने दिनांक १९.०९.२०१६ को अपने सुनाबेढा परिसर में राष्ट्र भाषा हिंदी की चुनौतियां और संभावनायें पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया है। प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की थी और उद्घाटनीय संबोधन भी किया । प्रो. रूरजहां बेगम, सेवानिवृत्त प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय ने विशेष व्याख्यान प्रदान किया । प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति ने अपने उद्घाटनीय अभिभाषण में छात्रों को राष्ट्र भाषा हिंदी के महत्व को समझने पर जोर दिया।

ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में संस्कृत दिवस मनाया गया

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा ने दिनांक २१.०९.२०१६ को संस्कृत दिवस अपने परिसर में मनाया । इस अवसर पर संस्कृत विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजन किया गया । सुनाबेढा परिसर में भारतीय संस्कृति की मूलआधार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था । प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति ने उद्घाटन व्याख्यान प्रदान किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता की थी । प्रो. रघुनाथ पंडा, प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर ने एक विशेष व्याख्यान प्रदान किया था। प्रो. मोहांति, मान्यवर कुलपति ने अपने उद्घाटनीय संबोधन में भारतीय संस्कृति के महत्व पर जोर दिया क्योंकि संस्कृत भाषा अपने रास्ते में अनूठे हैं और संस्कृति हमारी संस्कृति के लिए नींव की भाषा है।

अपनाये गये गांव बालद में जागरुकता अभियान

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट के शिक्षक शिक्षा विभाग ने दिनांक ३० सितम्बर २०१६ को अपनाये गये गांव बालडा में पर्यावरण पर एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम ग्रामीणों के बीच स्वाथ्य, स्वच्छता, जल प्रबंधन और वृक्षरोपण पर ग्रामीणों के बीच जागरुकता पैदा फैलाने के लिए एक पहल के रूप में आयोजित किया गया था। प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति ने अपनाने वाले गांवों के लिए किए गए पहल के लि विभाग को बधाई दी ।

विशेष व्याख्यान 'कौटिल्य के अर्थशास्त्र में अपराध की खोज

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट द्वारा कौटिल्य के अर्थशास्त्र में अपराध की खोज पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया था। यह व्याख्यान सुनाबेढा परिसर, संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। प्रो. देवर्चना सरकार, प्रोफेसर तथा संयोजक, सीएएसएस, इंडोलोजी केंद्र, जादवपुर विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल ने इस विशेष व्याख्यान प्रदान किया और व्याख्यान माला प्रदान की । प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपित ने इस व्याख्यान माला का उद्घाटन किया।

नवाचार और सृजनात्मकता -दैनिक जीवन में नवाचार कैसे करें पर संगोष्ठी

विश्वविद्यालय के परिसर में दिनांक २१.१०.२०१६ को नवाचार और सृजनात्मकता -दैनिक जीवन में नवाचार कैसे करें शीर्षक पर एक संगोष्ठी आयोजन किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिदानंद मोहांति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और मुख्य अतिथि का व्याख्यान प्रदान किया । डॉ. शरत कुमार पालित, अधिष्ठाता-जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण और अध्यक्ष, नवाचार क्लब ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. देबब्रत पंडा, इनोवेशन क्लब का सदस्य ने ऊपर शीर्षक पर संगोष्ठी व्याख्यान प्रदान किया।

कविता क्लब उद्घाटन हुआ

युवा हृदय में काव्यात्मक परमानंद की भावना को पुनर्जन्मित करने के लिए, गायन और चर्चा के माध्यम से अमर हाथों की कालातीत कविताओं को याद करते हुए, एक कविता क्लब का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने सुनाबेढा परिसर में दिनांक २४.१०.२०१६ को किया । इस क्षेत्र के प्रसिद्ध कवित डॉ. प्रीतिधर सामल, डॉ. सारला बेहेरा, श्री रवि शतपथी और श्री जलधर स्वांई आदि इस अवसर पर प्रमुख उपस्थित थे।

मानव विकास सूचकांक मापन - एक स्वयंसिद्ध दृष्टिकोण पर सामाजिक विज्ञान पर विशेष व्याख्यान

दिनांक १५.११.२०१६ को विश्वविद्यालय में मानव विकास सूचकांक मापन - एक स्वयंसिद्ध दृष्टिकोण पर सामाजिक विज्ञान पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया । यह विशेष व्याख्यान विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित किया गया था । प्रो. सचिदानंद मोहांति, मानयवर कुलपति ने अपने संदेश में अर्थशास्त्र विभाग को इस तरह के विशेष व्याख्यान आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो. श्रीजित मिश्रा, निदेशक, एनसीडीएस, भुवनेश्वर ने विशेष व्याख्यान प्रदान किया। डॉ. मिनती साहु, प्रमुख प्रभारी, अर्थशास्त्र विभाग, सीयूओ ने उद्घाटन सत्र में व्याख्यान प्रदान किया।

नाटक क्लब का उद्घाटन

युवा दिल में रंगमंच कला के कौशल को मजबूत बनाने के लिए, मंच नाटक की कला को बढ़ावा देने के लिए नाटक क्लब का उद्घाटन प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति द्वारा दिनांक २१.११.२०१६ को हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में श्री सौरभ गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग ने संयोजन किया था, नाटक क्लब का सदस्य अब विश्वविद्यालय के छात्रगण, संकायगण और कर्मचारीगण हैं।

संविधान दिवस मनाया गया

विश्वविद्यालय में दिनांक २६.११.२०१६ को " सविंधान दिवस समारोह " मनाया गया । प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति ने इस समारोह का उद्घाटन किया और भारतीय संविंधान में मौलिक कर्तव्य के महत्व पर विशेष व्याख्यान प्रदान किया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी छात्रगण, संकायगण और कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

गणतंत्र दिवस समारोह

विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक २६.०१.२०१७ को बडे धूमधाम से ६८वें गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया । प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने त्रिरंगा का ध्वजारोहण किया और आसपास के गांवों के बच्चों , विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों को संबोधन किया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षा विभाग की गृहपत्रिका " स्पंदन " का उन्मोचन प्रो. मोहांति ने किया। बहु प्रत्याशी हॉस्टल प्रीमियर लिग- एक क्रिकेट टूर्नामेंट विश्वविद्यालय द्वारा अपने परिसर में आयोजित किया गया है और इसका उद्घाटन प्रो. मोहांति ने किया।

सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम

विश्वविद्यालय ग्रहण किये गांवों में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने २-३ फरवरी २०१७ को यह कार्यक्रम आयोजित किया । प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस घटनाक्रम को सहायता की और शिक्षा विभाग के छात्रों और शिक्षकों को प्रेरित किया।

'प्रबंधन परिवर्तन में एचआर प्रबंधक की भूमिका' पर संगोष्ठी

दिनांक ११ फरवरी २०१७ को विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर में प्रबंधन परिवर्तन में एचआर प्रबंधक की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है । यह संगोष्ठी विश्वविद्यालय के व्यापार प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था्। श्री टी. विद्यासागर, महाप्रबंधक (एचआरडी), जे.के. पेपर मिल्स लि. रायगड़ा ने उद्घाटन किया था और मुख्य अतिथि थे । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिदानंद मोहांति ने इस संगोष्ठी की सफल कामना की है ।

योग अभ्यास और जीवन लक्ष्य के बीच संबंध पर परिसवांद

विश्वविद्यालय अपने सुनाबेढा परिसर में दिनांक १६-१७ फरवरी २०१७ को शिक्षा विभाग द्वारा योग अभ्यास और जीवन के लक्ष्य के बीच संबंध पर एक परिसंवाद का आयोजन किया प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उद्घाटन व्याख्यान प्रदान किया । प्रो. प्रकाश चंद्र स्वांई, वीएसएसयूटी, बुर्ला , संबलपुर ने इस अवसर पर एक संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित थे।

'इक्कीसवीं सदी में संस्कृत की प्रासंगिकता" पर परिसंवाद

विश्वविद्यालय ने अपने सुनाबेढा परिसर में दिनांक १७.०२.२०१७ को संस्कृत विभाग द्वारा इक्कीसवीं शदी में संस्कृत की प्रासंगिकता पर एक परिसंवाद का आयोजन किया । प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उद्घाटन वक्तव्य प्रदान किया । प्रो. गोपाल कृष्ण दाश, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, संस्कृत भाषा विभाग, उत्कल विश्वविद्यालय, ओडिशा इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे।

' विकेंद्रीकृत गर्वनेंस और युवा विकास" पर अभिमुखिकरण कार्यक्रम

विश्वविद्यालय ने अपने सुनाबेढा परिसर में दिनांक १७ से १९ फरवरी २०१७ को राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी) के सहयोग से विकेंद्रीकृत गर्वनेंस और युवा विकास पर एक अभिमुखिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और इस अवसर पर एकत्रित जनता को संबोधन किया ।

'२१ सदी में ओड़िआ साहित्य : लक्ष्य एवं उद्देय" पर परिसंवाद

विश्वविद्यालय के ओड़िआ भाषा तथा साहित्य विभाग द्वारा दिनांक २० फरवरी २०१७ को अपने सुनाबेढा परिसर में २१वीं सदी में ओड़िआ साहित्य : लक्ष्य और उद्देश्य पर एक परिसंवाद का आयोजन किया गया था । प्रो. (सेवानिवृत्त) बैष्णव चरण सामल, भूतपूर्व प्रोफेसर, ओड़िआ विभाग, विश्वभारती और श्री दाश बेनहूर, प्रसिद्ध ओड़िआ लेखक ने इस परिसंवाद को संबोधन किया।

मातृभाषा दिवस समारोह

विश्वविद्यालय अपने परिसर में दिनांक २१.०२.२०१७ को मातृभाषा दिवस का आयोजन किया था। प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उद्घाटनीय वक्तव्य प्रदान किया। प्रो. (सेवानिवृत्त) बैष्णव चरण सामल, भूतपूर्व प्रोफेसर, ओड़िआ विभाग, विश्वभारती पश्चिम बंगाल और श्री दाश बेनहूर, प्रसिद्ध ओड़िआ लेखक ने मुख्य अतिथि तथा सम्मानित अतिथि थे और वे वक्तव्य प्रदान किया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह

विश्वविद्यालय ने अपने सुनाबेढा परिसर में दिनांक २८.०२.२०१७ को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया । इस अवसर पर विशेषीकृत विकलांग व्यक्तियों के लिए विज्ञान और तकनीकी विषय पर एक विशेष प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया गया था । प्रो. सच्चिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और वक्तव्य प्रदान किया । प्रो. शक्ति प्रसाद दास, निदेशक, स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान संस्थान (एसवनिरतार), ओलटपुर, कटक इस समारोह में मुख्य अतिथि थे और उन्होंने वक्तव्य प्रदान किया।

'कैनन एंड वियंड साहित्यिक अध्ययन आज" विषय पर परिसंवाद

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट के अंग्रेजी भाषा और साहित्य विभाग द्वारा कैनन एंड बियंड : साहित्यिक अध्ययन आज पर एक परिसंवाद का आयोजन दिनांक ०२.०३.२०१७ को अपने सुनाबेढा परिसर में किया गया था । इस अवसर पर, प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उद्घाटनीय उद्बोधन प्रदान किया । प्रो. अजित कुमार मुखर्जी, भाषा विद्यापीठ, केआईआईटी विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि थे और प्रो. इ. राजा राव इस अवसर पर सम्मानित अतिथि थे।

'कोरापुट क्षेत्र के विशेष संदर्भ में विविध कृषि विकास" पर परिसंवाद

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अपने सुनाबेढा परिसर में दिनांक ०७ मार्च २०१७ को कोरापुट क्षेत्र में ओडिशा के विशेष संदर्भ में विविध कृषि विकास पर परिसंवाद का आयोजन किया गया। प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और वक्तव्य प्रदान किया।

प्रो. सुधाकर पंडा (सेवानिवृत्त), भूतपूर्व प्रोफेसर, ए तथा ए अर्थशास्त्र, उत्कल विश्वविद्यालय और भूतपूर्व अध्यक्ष, ओड़िशा वित्त निगम, भुवनेश्वर इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे । डॉ. जगबंधु सामल, जनजाति अध्ययन के प्रोफेसर, सीओएटीएस, कोरापुट और डॉ. पी. सी. महापात्र, सीओएटीएस, कोरापुट इस अवसर पर उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय ने अपने सुनाबेढा परिसर में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान के लिए इस क्षेत्र की प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया । विश्वविद्यालय का आंतरिक शिकायत ने दिनांक ०८.०३.२०१७ को अपने सुनाबेढा परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया और उद्घाटनी वक्तव्य प्रदान किया गया । प्रो. मोहांति ने डॉ. प्रीतिधारा सामल, कवित और ओड़िआ भाषा के व्याख्याता, सरकारी महिला महाविद्यालय, कोरापुट, डॉ. सारला बेहेरा, कवित तथा शिक्षक, एरोनेटिक्स सरकारी उच्च विद्यालय, सुनाबेढा, डॉ. सी. सावित्री , प्राचार्य, वी. डी (स्वायत्त) महाविद्यालय, जयपुर और श्रीमती रैमति घियूरिया, जनजाति महिला नेत्री और सामाजिक कार्यकर्ता आदि के इस क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के लिए अपना योगदान के लिए सम्मानित किया ।

सांस्कृतिक दिवस समारोह

विश्वविद्यालय ने दिनांक १८.३.२०१७ को सुनाबेढा परिसर में सांस्कृतिक दिवस का आयोजन किया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. सचिदानंद मोहांति, मान्यवर कुलपति ने किया था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शोध छात्र और छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया । प्रो. मोहांति ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा वितरण किया ।

'विविधता संरक्षण : बहुआयामी दृष्टिकोण पर परिसंवाद

दिनांक २२ मार्च २०१७ का जैवविविधता संरक्षण : एक बहुआयामी दृष्टिकोण पर परिसंवाद का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया । प्रो. सच्चिदानंद, विश्वविद्यालय का कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उद्घाटन संबोधन प्रदान किया । इस अवसर पर प्रो. सुशील कुमार दत्ता, इंडियन एकाडेमी ऑफ साइंस, बेंगालूर और प्रो. प्रदीप कुमार चांद, मानव संसाधन विकास केंद्र, उत्कल विश्वविद्यालय प्रमुख उपस्थित थे।

"भारत की विदेश नीति में सॉफ्ट पावर की भूमिकाह्न पर परिसंवाद

विश्वविद्यालय ने दिनांक २३ मार्च २०१७ को सुनाबेढा परिसर में जन संचार तथा पत्रकारिता विभाग भारत की विदेशी नीति में सॉफ्ट पावर की भूमिका पर परिसंवाद आयोजित हुआ था । इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. सच्चिदानंद मोहांति, विश्वविद्यालय का कुलपति द्वारा हुआ। डॉ. जितेंद्र नाथ मिश्रा, आईएफएस (सेवानिवृत्त),भूतपूर्व पर्तुगाल के एम्बासडर ने परिसंवाद व्याख्यान प्रदान किया ।

परिसर नियुक्ति

विश्वविद्यालय ने अपने लांडिगुडा परिसर में दिनांक २७.०३.२०१७ को पत्रकारिता और जन संचार के छात्रों के लिए केंपस भर्ती कार्यक्रम का आयोजन किया है । ईनाडू टेलीविजन प्राइवेट लिमिटेड ने हैदराबाद से भारत में अग्रणी मीडिया संगठन में से एक रिपोर्टर और कंटेक्ट लेखकों के लिए कैंपस की भर्ती का आयोजन किया है। विभाग के छात्रों और पूर्व छात्रों ने भाग लिया । छ: छात्रों को साक्षात्कार के लिए सूची बनायी गयी जो ऑन लाइन स्काइप के माध्यम से आयोजित किए गए जिन चार छात्रों को चुना गया है वे हैं श्री शंकर्षण बाग, श्रीमती श्रीमा मिश्र, सुश्री पुजा विश्वास और सुश्री सुभश्री साहु जिनको ट्रेनी कंटेक्ट संपादक के रूप में चुना गया है। चयनित अभ्यर्थियों को रामोजी फिल्म सिटी, हैदराबाद में तैनात किया गया है। चयनित उम्मीदवारों को चौथी सेमीस्टर थे और विश्वविद्यालय में अपना पाठ्यक्रम पूरा कर लिया था।

नया पदाधारी

प्रो. भवानी प्रसाद रथ
(प्रशासन, परीक्षा और छात्र व्यापार)

प्रो. भवानी प्रसाद रथ ने दिनांक सितम्बर को केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा में विशेष कार्य अधिकारी (प्रशासन, परीक्षा और छात्र व्यापार) के रूप में योगदान दिया है । इससे पहले उन्होंने ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्य कर रहे थे। वे औद्योगिकी संबंध और कार्मिक प्रबंधन, ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय में वर्ष १९७८ से काम कर रहे थे और वर्ष २०१४ में प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने अनेक प्रशासनिक पदों का कार्यभार संभाला है जैसे कि सचिव, खेलकूद परिषद, परीक्षा नियंत्रक, अवर सचिव, दूरशिक्षा केंद्र, वित्त नियंत्रक और कुलसचिव जब ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय में काम कर रहे थे।

उन्होंने एक पुस्तक प्रकाशित किया है और विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में लगभग तीस शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। उन्होंने भारत में कई सम्मेलनों/संगोष्ठी में भाग लिया है और लास वेगास, अमेरिका और वेनिस एवं इटली में आयोजित दो अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया है। उनके मार्गदर्शन में दस छात्रों ने पीएचडी से सम्मानित हुए हैं और तीन विद्वानों को डीलीट उपाधि से सम्मानित किया गया है।

नया सदस्य

क्र.	नाम तथा विभाग
१	डॉ. ललाटेंदु केशरी जेना, ठेके पर व्याख्याता, व्यापार प्रबंधन विभाग
२	श्री सुषमा मिश्रा, ठेके पर व्याख्याता, व्यापार प्रबंधन विभाग
३	डॉ. बिरेंद्र कुमार सरंगी, ठेके पर व्याख्याता, संस्कृत विभाग
४	सुश्री स्वस्तिक प्रधान, ठेके पर व्याख्याता, सांख्यिकी विभाग

पुरस्कार और सम्मान

डॉ. कुमुद प्रसाद आचार्य
व्याख्याता ठेके पर, संस्कृत विभाग

संस्कृत विभाग के व्याख्याता डॉ. कुमुद प्रसाद आचार्य, संस्कृत में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की । उन्होंने अपनी पीएचडी मद्रास विश्वविद्यालय, चैन्नई में की है। शोध का शीर्षक था " ए कनसाइज हिस्ट्री ऑफ संस्कृत चांद लिटरेचर (पुरानी अवधि के संदर्भ में) " और उन्हें २९ जून २०१६ को उपाधि मिली ।

विधिक तथा गैर-विधिक समितियाँ

कार्यकारी परिषद के सदस्यगण

क्र.	सदस्यों का नाम और पता	पदनाम
०१	प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, लांडीगुडा, कोरापुट-७६४०२१, ओड़िशा	अध्यक्ष
०२	प्रो. टी. सुब्रहमण्यम नायडू, प्रोफेसर सह निदेशक, शेंट्रॉल फॉर स्टडी ऑफ सोसल एक्सक्लयुजन एंड इनक्लूजीव पॉलिस, पंडिचेरी विश्वविद्यालय, पंडिचेरी	सदस्य
०३	प्रो. शिव प्रसाद अधिकारी, भूतपूर्व कुलपति, फकीर मोहन विश्वविद्यालय, व्यास विहार, नुआपाढ़ी, बालेश्वर - ७५६०२०, ओडिशा	सदस्य
०४	प्रो. प्रियदर्शी मुखर्जी, प्रोफेसर, चाइनिज और दक्षिण पूर्व एशियाई अध्ययन, भाषा विद्यापीठ, साहित्य और संस्कृति अध्ययन, जेएनयू, नई दिल्ली -११००६७	सदस्य
०५	डॉ. ए. श्री रामलू, प्राचार्य, सरकारी डिग्री कॉलेज, हयतानगर, आर.आर. जिला, तेलेंगाना-५०१५११	सदस्य
०६	अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादूर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली -११० ००२	सदस्य
०७	सचिव, मानव संसाधन मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली- ११० ११५	सदस्य
०८	प्रमुख सचिव, ओडिशा सरकार, उच्च शिक्षा विभाग, ओड़िशा सरकार, ओडिशा सचिवालय, भुवनेश्वर	सदस्य
०९	डॉ. शरत कुमार पालित, एसोसीएट प्रोफेसर तथा डीन, जैवविविधता तथा प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विद्यापीठ, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट -७६४०२१	सदस्य
१०	डॉ. जयंत कुमार नायक, विभाग प्रभारी, मानवविज्ञान विभाग, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट -७६४०२१	सदस्य
११	कुलसचिव केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट -७६४०२१	पदेन सदस्य सचिव

शैक्षणिक परिषद के सदस्यगण

क्र.	सदस्यों का नाम और पता	पदनाम
०१	प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट-७६४०२१	पदेन अध्यक्ष
०२	प्रो. गीता वेमुगंति, अधिष्ठाता, चिकित्सा विज्ञान विद्यापीठ, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद	बाह्य सदस्य
०३	प्रो. बी. एन. राय, वरिष्ठ प्रोफेसर, केआईआईएसएस, भुवनेश्वर	बाह्य सदस्य
०४	प्रो. अरूण अग्रवाल, अधिष्ठाता, कंप्यूटर तथा सूचना विज्ञान विद्यापीठ, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद	बाह्य सदस्य
०५	प्रो. जतिंद्र कुमार नायक, प्रोफेसर (सेवानिवृत्त), अंग्रेजी भाषा विभाग, उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर	बाह्य सदस्य
०६	प्रो. संयुक्ता दासगुप्ता, प्रोफेसर (सेवानिवृत्त) अंग्रेजी भाषा तथा साहित्य विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता	बाह्य सदस्य
०७	वरिष्ठता के अनुसार एक एसोसीएट प्रोफेसर तथा रोटेशन में	सदस्य
०८	वरिष्ठता के अनुसार पाँच सहायक प्रोफेसर तथा रोटेशन में	सदस्य
०९	प्रत्येक विभाग के विभागाध्यक्ष/अध्यक्ष प्रभारी	पदेन सदस्य
२०	कुलसचिव, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट-७६४०२१	पदेन सदस्य सचि०

वित्त समिति के सदस्यगण

क्रमांक	सदस्यों का नाम और पता	पदनाम
०१	प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट-७६४०२१	पदेन अध्यक्ष
०२	प्रो. कुलपति	रिक्त
०३	न्यायालय का नामित व्यक्ति	रिक्त
०४	प्रो. टी. सुब्रहमण्यम नायडू (कार्यकारी परिषद का सदस्य), प्रोफेसर सह निदेशक, शेंट्रॉल फॉर स्टडी ऑफ सोसल एक्सक्लयुजन एंड इनक्लूजीव पॉलिस, पंडिचेरी विश्वविद्यालय,पंडिचेरी	सदस्य
०५	डॉ. बी.के. महापात्र, भूतपूर्व कुलसचिव, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, कुतुब इंस्टीच्युनॉल एरिया, नई दिल्ली - ११००१६	सदस्य
०६	डॉ. ए. श्रीरामुलु, प्राचार्य, सरकारी डिग्री महाविद्यायल, हयतनगर, आर आर जिला, तेलेंगाना-५०१५११	सदस्य
०७	संयुक्त सचिव अथवा वित्तीय सलाहाकार, एमएचआरडी अथवा उनका नामित व्यक्ति, वित्तीय ब्यूरो से जो उप-सचिव स्तर से कम न हो	सदस्य
०८	संयुक्त सचिव (केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा भाषा), एमएचआरडी अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्ति जो उप-सचिव पद से कम न हो	सदस्य
०९	संयुक्त सचिव (सीयू), यूजीसी अथवा किसी संयुक्त सचिव जिसे अध्यक्ष, यूजीसी द्वारा नामित हो	सदस्य
१०	वित्त अधिकारी, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट-७६४०२१	सचिव

भवन निर्माण समिति के सदस्यगण

क्रमांक	सदस्यों का नाम और पता	पदनाम
१	प्रो. सचिदानंद मोहांति, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट-७६४०२१	अध्यक्ष
२	श्री सुधाकर पंड, भूतपर्वू अध्यक्ष, राज्य वित्तीय आयोग, ओडिशा सरकार, और विशेषज्ञ सदस्य, राज्य योजना बोर्ड (विश्वविद्यालय की योजना बोर्ड का प्रतिनिधि के स्थान पर)	सदस्य
३	डॉ. शरत कुमार पलित, एसोसीएट प्रोफेसर, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट-७६४०२१	सदस्य
४	श्री के. कोसला राव, उप कुलसचिव, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट (वित्त अधिकारी का प्रतिनिधि)	सदस्य
५	प्रो. रंजन कुमार स्वांइ, प्रधानाचार्य, पारला महाराज इंजीनियरिंग कॉलेज, सितापली, ब्रह्मपुर-७६१००३	सदस्य
६	इं. अशोक कुमार खटुआ, अधीक्षक यंत्री, केलोनिवि-टी-१,एचएएल टाउनशिप, सुनाबेढा, कोरापुट-७६३००२	सदस्य
७	श्री अंतरयामी पंडा, सेवानिवृत्त मुख्य यंत्री तथा सचिव (निर्माण), ओडिशा सरकार ४- गणेश्वर बाग, टंकपाणी रोड, भुवनेश्वर-७५१०१८	सदस्य
८	इ. पी. साई कोमारेश्वर, कार्यपालक यंत्री (विद्युत), केलोनिवि-टी-१, एचएएल टाउनशिप, सुनाबेढा, कोरापुट-७६३००२	सदस्य
९	इं. ए.के. मलिक, अधीक्षक यंत्री, पीएच विभाग (ओडिशा सरकार), भवानीपाटना, कलाहांडी	सदस्य
१०	इं. पद्मलोचन स्वांई, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट-७६४०२१	सदस्य
११	श्री रमेश चंद्र स्वाई, आर्किटेक्ट, एन२/६०/आईआरसी विलेज, भुवनेश्वर -७५१०१५	सदस्य
१२	इं. गायत्री होता, आर्किटेक्ट, केंलोनिवि, भुवनेश्वर, वरिष्ठ आर्किटेक्ट केंलोनिवि के स्थान पर	सदस्य
१३	प्रो. प्रेमानंद दास, निदेशक तथा अध्यक्ष, शाइंस फाउंडेशन फॉर ट्राइबल एंड रूराल रिसोर्स, बरमुंडा, भुवनेश्वर -७५१००३	सदस्य
१४	कुलसचिव, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा, कोरापुट-७६४०२१	सदस्य सचिव



The night view of the CUO Main Campus at Sunabeda
Photograph by Soumya Ranjan Muduli, Student, Dept. of J & MC, CUO

CENTRAL UNIVERSITY OF ORISSA
KORAPUT
(Established by an Act of the Parliament)

Address for Correspondence:

Landiguda, Koraput - 764021
Odisha, India
Phone: 06852-288210, Fax: 06852-288225
Website: www.cuo.ac.in
Email: info@cuo.ac.in, pro@cuo.ac.in

Main Campus:

Sunabeda, Koraput - 764023
Odisha, India